भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 66 | बिजौलिया - मंगलवार,20 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

रितु बराला मामले में प्राथमिकी की मांग पर आज कांग्रेस का कमिश्नरेट कूच, रामधुन गाकर रातभर धरने पर डटे रहे नेता

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव रितु बराला के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग को लेकर राजस्थान कांग्रेस का जयपुर पुलिस आयुक्तालय के बाहर धरना रातभर जारी रहा। सोमवार देर रात से मंगलवार तड़के तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता धरनास्थल पर डटे रहे। नेताओं ने रामधुन गाकर विरोध जताया और पुलिस से रितु बराला की शिकायत पर शून्य प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष जांच करने की मांग की। कांग्रेस ने मंगलवार को पुलिस आयुक्तालय के घेराव के लिए कूच करने का आह्वान भी किया है।

रात करीब डेढ़ बजे तक कांग्रेस नेताओं का विरोध जारी रहा। प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा और अन्य नेताओं ने प्राथमिकी दर्ज होने तक धरना जारी रखने का निर्णय लिया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से न्याय पाने के अधिकार की अनदेखी हो रही है। पार्टी का कहना है कि किसी भी नागरिक की शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई करना पुलिस की जिम्मेदारी है। इस घटनाक्रम के बाद प्रदेश की राजनीति में भी हलचल तेज हो गई है।

धरनास्थल पर पहुंचे गहलोत, प्राथमिकी दर्ज करने की व्यवस्था पर उठाए सवाल

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी देर रात पुलिस आयुक्तालय पहुंचे। उन्होंने रितु बराला की शिकायत पर शून्य प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने को लेकर राज्य सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। गहलोत ने कहा कि यदि केरल में शून्य प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है, तो राजस्थान में ऐसा करने में क्या परेशानी है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपों की जांच करना पुलिस का काम है।



जांच में आरोप सही पाए जाते हैं या नहीं, आरोपपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए अथवा अंतिम प्रतिवेदन देना चाहिए, इसका निर्णय जांच के बाद किया जा सकता है।

अनिवार्य प्राथमिकी की व्यवस्था का किया उल्लेख

गहलोत ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान लागू की गई अनिवार्य प्राथमिकी दर्ज करने की व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के लोगों को लाभ मिला था। उनके अनुसार, यदि थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं होती थी, तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से भी शिकायत पर कार्रवाई का रास्ता उपलब्ध था। उन्होंने सवाल उठाया कि इस व्यवस्था को हटाने से क्या लाभ हुआ। गहलोत ने कहा कि यदि शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया प्रभावी रहती, तो कांग्रेस नेताओं को धरने पर बैठने की नौबत नहीं आती।

अचार की टंकियों में मिलीं मरी छिपकलियां और मच्छर, 85 हजार किलो माल सीज

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

शहर की मुहाना मंडी स्थित मैसर्स श्री श्याम फूड्स पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 85 हजार किलोग्राम अचार और सॉस का स्टॉक सीज कर दिया। सोमवार को सेंट्रल फूड सेफ्टी विभाग और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय की टीम ने फर्म के परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान अचार की टंकियों में मरी छिपकलियां, मच्छर, मक्खियां और मकड़ी के जाले मिले। परिसर में गंदगी और टूटी हुई खिड़कियां व जालियां भी पाई गईं। खाद्य सामग्री दूषित होने की आशंका के चलते अधिकारियों ने पूरे स्टॉक को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की।

100 टंकियों में रखा था अचार का कच्चा माल

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, फर्म के बेसमेंट में प्लास्टिक की करीब 100 टंकियां रखी थीं। इनमें लगभग 80 हजार किलो अलग-अलग प्रकार के अचार का कच्चा माल प्रसंस्करण के लिए भरा हुआ था। इसके अलावा करीब 5 हजार किलो तैयार अचार पैक करके रखा गया था। इसमें गाजर, कैरी, नींबू और मिर्ची का अचार शामिल था। टंकियों की जांच के दौरान कई तरह की गंदगी मिली। कुछ टंकियों में मृत छिपकलियां भी पाई गईं, जिसके बाद टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए माल सीज कर



दिया।

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में होती थी आपूर्ति

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मित्तल के अनुसार, फर्म का मालिक सुनील पारीक है और बाजार में अचार की बिक्री श्री श्याम फूड्स के नाम से की जाती थी। यहां तैयार होने वाला अचार जयपुर शहर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी भेजा जाता था। निरीक्षण के दौरान सामने आई गंदगी और दूषित सामग्री की आशंका को देखते हुए अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया।

नमूने जांच के लिए भेजे, माल नष्ट करने की तैयारी

कार्रवाई के दौरान टीम ने सॉस, मिक्स अचार और आम के अचार के नमूने एकत्र किए और उन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया। अधिकारियों के अनुसार, करीब 85 हजार किलो सामग्री दूषित होने की आशंका है। इसे नष्ट करवाने के लिए जल्द कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सामग्री को अवैध रूप से बेचने या खुर्द-बुर्द करने की आशंका को देखते हुए परिसर को सील कर दिया गया है।

भीलवाड़ा में आज 3 घंटे ट्रैफिक डायवर्ट, कई रास्तों पर आवाजाही बंद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,

विजयादशमी पर मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन के चलते शहर में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को गेट नंबर-2 से प्रवेश करना होगा, जबकि एमजीएच आने-जाने वालों को पीछे वाले गेट का उपयोग करने की सलाह दी गई है। गोल प्याऊ चौराहा, इंद्रा सर्कल, सूचना केंद्र, भीमगंज चौराहा, बड़ा मंदिर और सेवा सदन रोड सहित पथ संचलन मार्ग पर कई स्थानों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

दो हिस्ट्रीशीटर दो पिस्टल और चार मैगजीन के साथ गिरफ्तार, जेल से सेल्फी भेजकर कायम करता था खौफ


भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर।

सुखेर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए दो हिस्ट्रीशीटर फरदीन उर्फ गांजा और फैजल आलम को दो देसी पिस्टल व चार मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों मुजफ्फर उर्फ गोगा गिरोह से रंजिश के चलते बदला लेने और हथियार बेचने की फिराक में थे। फरदीन पर करीब डेढ़ माह पहले गोगा गिरोह ने फायरिंग की थी, जिसमें दो गोलियां लगने से वह घायल हो गया था।

मामले में एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। मीडिया की पड़ताल के अनुसार, फरदीन ने जेल में रहते हुए तस्वीरें खिंचवाईं और उन्हें सोशल मीडिया पर साझा किया। एक तस्वीर में वह जेल के एसटीडी फोन पर बात करता दिखाई दे रहा है, जबकि दूसरी में जेल परिसर में खड़ा है। एसटीडी फोन वाली तस्वीर के साथ जेल का उल्लेख भी किया गया था। इससे जेल में मोबाइल फोन के इस्तेमाल और निगरानी व्यवस्था को लेकर सवाल उठे हैं।

अंबेरी क्षेत्र में मिली हथियारों की सूचना

थानाधिकारी भरत योगी के अनुसार, जिला विशेष टीम को सूचना मिली



थी कि अंबेरी क्षेत्र में फरदीन और उसका साथी हथियार लेकर घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीमों ने काली पहाड़ी के पास दबिश देकर सेक्टर-14 के डी ब्लॉक निवासी हिस्ट्रीशीटर फरदीन और खांजीपीर निवासी फैजल आलम को पकड़ा।

कुड़ी चौराहे पर फिर रफ्तार का कहर, स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन

भीलवाड़ा-लाडपुरा मेगा हाईवे स्थित कुड़ी चौराहे पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। दुर्घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद सवाईपुर चौकी पुलिस वाहन की तलाश में जुटी है।

सवाईपुर चौकी के कांस्टेबल मुकेश कुमार के अनुसार, गेता पारोली निवासी घनश्याम गुर्जर (38) पुत्र बद्रीलाल सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे बाइक से भीलवाड़ा स्थित फैक्ट्री में काम पर जा रहा था। कुड़ी चौराहे पर सरपंच साहब की होटल के पास भीलवाड़ा की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घनश्याम बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरा। उसके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को निजी वाहन से भीलवाड़ा के निजी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज में स्कॉर्पियो बाइक को टक्कर मारने के बाद फरार होती दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि वाहन में आधा दर्जन से अधिक लोग सवार थे। पुलिस फुटेज के आधार पर वाहन और चालक की तलाश कर रही है।

तीन दिन में दूसरा हादसा

कुड़ी चौराहे पर लगातार हो रहे हादसों से क्षेत्रवासी चिंतित हैं। इससे पहले 16 अक्टूबर को तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी तीन महिलाओं को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो महिलाएं गंभीर घायल हुई थीं। ग्रामीणों ने चौराहे पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

आगूंचा में विस्फोटक से भरी पिकअप में जोरदार ब्लास्ट, चालक की मौत


हादसे में पिकअप का इंजन 10 फीट दूर जा गिरा, आसपास के मकानों में आई दरारें और टूटे खिड़कियों के शीशे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,

मूलचन्द पेसवानी

भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा क्षेत्र के आगूंचा गांव में सोमवार को एक बाड़े में खड़ी विस्फोटक सामग्री से भरी पिकअप में अचानक जोरदार धमाका हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। वाहन का इंजन करीब 10 फीट दूर जा गिरा, जबकि चेचिस और टायर भी दूर-दूर तक बिखर गए। हादसे में पिकअप चालक की मौत हो गई। धमाके की तेज आवाज से आसपास के इलाके में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल आए।





धमाके से दहले मकान, दीवारों में आई दरारें

घटना आगूंचा गांव में श्मशान मार्ग स्थित रामदेव खटीक के बाड़े में हुई। यहां विस्फोटक सामग्री से भरी पिकअप खड़ी थी। सोमवार सुबह अचानक हुए धमाके ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया। विस्फोट के प्रभाव से बाड़े की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। आसपास के मकानों के दरवाजों और खिड़कियों के शीशे टूट गए, जबकि कुछ घरों की दीवारों में दरारें आने की जानकारी भी सामने आई है।

धमाके की आवाज सुनते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोग अनहोनी की आशंका से अपने घरों से बाहर निकल आए। मौके पर पहुंचे लोगों ने आग बुझाने के प्रयास किए। घटनास्थल पर पिकअप के क्षतिग्रस्त हिस्से दूर-दूर तक बिखरे नजर आए। हिन्दुस्तान जिंक लि. की आपदा प्रबंधन टीम भी मौके पर पहुंची। मौके पर हुरड़ा तहसीलदार रविंद्र सिंह चोहान, थाना अधिकारी संजय गुर्जर, सहित अन्य मौके पर पहुंचे। आपदा प्रबंधन टीम को फैले कबाड़ में काफी तादाद में नकदी भी मिली है। अभी तक विस्फोट होने के संबंध में कोई कारण सामने नहीं आया है। पुलिस इसका भी पता लगा रही है कि यह पिकअप यहां कैसे पहुंची तथा यहां इसका कार्य क्या था।

बूंदी निवासी चालक की मौत

गुलाबपुरा थाना प्रभारी संजय गुर्जर के अनुसार, हादसे में बूंदी निवासी राम अवतार (35) की मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। धमाके की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिकअप का इंजन वाहन से अलग होकर करीब 10 फीट दूर जा गिरा। विस्फोट के कारण वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

फॉरेंसिक टीम करेगी जांच-

पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है। विस्फोट के कारणों और पिकअप में रखी सामग्री की प्रकृति का पता लगाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। जांच में यह स्पष्ट किया जाएगा कि वाहन में किस प्रकार का विस्फोटक रखा था और धमाका किन परिस्थितियों में हुआ।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। विस्फोटक सामग्री के स्रोत, उसके परिवहन और हादसे के पीछे की परिस्थितियों को लेकर जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 नवंबर तक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 15 अक्टूबर 2026 से खोला जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक रामावतार जाट ने बताया कि योजनान्तर्गत इच्छुक छात्र (बालक) ई-मित्र केंद्र अथवा एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एसएसओ आईडी के माध्यम से आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को राजस्थान एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन करना होगा। इसके पश्चात् एसजेएमएस एसएमएस आइकन पर क्लिक करने से डैशबोर्ड खुलेगा। डैशबोर्ड पर डीबीटी वाउचर आइकन पर क्लिक कर जनाधार के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए निर्धारित पात्रता, शर्तों एवं सामान्य दिशा-निर्देशों का विस्तृत विवरण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की आधिकारिक वेबसाइट http//sje.rajasthan पर उपलब्ध है। इच्छुक पात्र छात्र निर्धारित समयावधि में आवेदन कर सकते हैं।

अग्रवाल सम्मेलन द्वारा मूक-बधिर बच्चों को पाठ्य सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं का वितरण



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नर सेवा ही नारायण सेवा है' के मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए आज दक्षिणी पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन (प्रमुख इकाई, युवा इकाई एवं महिला इकाई) द्वारा प्रदेश महामंत्री अमित नागौरी के नेतृत्व में अग्रसेन जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मानव सेवा का एक और सराहनीय कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। प्रदेश मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गोयल ने बताया कि संगठन द्वारा पूर्व निर्धारित छह सेवा कार्यों की श्रृंखला के अंतर्गत आज सोफिया स्कूल के पास स्थित मूक बधिर स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में मुख्य अतिथि के रूप में सुमित सिंगला एवं मुकेश अग्रवाल (नेवरिया वाले) उपस्थित रहे। युवा जिला महामंत्री धीरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि अतिथियों एवं संगठन के पदाधिकारियों द्वारा स्कूल के मूक-बधिर बच्चों को उनकी शिक्षा में संबल प्रदान करने के लिए पाठ्य सामग्री (नोटबुक, पेन आदि) का वितरण किया गया। जिला युवा अग्रवाल सम्मेलन के युवा जिला अध्यक्ष सीए वैभव बिन्दल ने कहा है कि पाठ्य सामग्री के साथ ही छात्रावास में रह रहे बच्चों की दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें तौलिया आदि आवश्यक सामग्री स-सम्मान भेंट की गई। अग्रसेन जन्मोत्सव के इस पावन सेवा संकल्प में समाज के प्रबुद्ध जनों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में जिला युवा सचिव लोकेश निमोदिया,प्रदेश युवा महामंत्री पंकज अग्रवाल, प्रदेश महिला महामंत्री नूतन सिंघला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनीता अग्रवाल तथा प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश अग्रवाल सहित सम्मेलन के कई पदाधिकारी और गणमान्य साथी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि भगवान अग्रसेन जी के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के हर वर्ग को सुखी और समृद्ध बनाना ही इस सम्मेलन का मुख्य ध्येय है। कार्यक्रम का समापन से पहले मूक बधिर बच्चों द्वारा उनके विशिष्ट अंदाज में राष्ट्र गान बोलकर किया इसके साथ भगवान अग्रसेन जी की यही पुकार, सुखी और समृद्ध हो संसार' के जयघोष के साथ समापन हुआ।

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग के आरोपी नेपाल भागने वाले थेः कोटा से पकड़े गए; एक बिहार, 2 हरियाणा के

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

गर्वित। मुंबई में एक्टर टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग करने वाले हमलावर 15 घंटे में राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से पकड़े गए। टाइगर पर रविवार देर रात 7 बजे हमला किया गया था। आरोपी जयपुर, दिल्ली के रास्ते नेपाल भागने की तैयारी में थे। मुंबई पुलिस से सूचना मिलने के बाद राजस्थान की कोटा पुलिस ने सुबह 10:30 बजे रेलवे स्टेशन से पकड़ा। इस कार्रवाई में सीआई रामबिलास मीणा, सीआई रामस्वरूप मीणा समेत तीन पुलिसकर्मियों की सक्रियता अहम रही। कोटा की एसपी तेजस्विनी गौतम के मुताबिक, तीनों पुणे-जयपुर एक्सप्रेस से जयपुर जा रहे थे। जनरल कोच में हिरासत में लिया गया। तीनों को पुलिस ने बापर्दा रखा है। इनके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के मुताबिक, लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित ने हमला करने का



कॉन्ट्रैक्ट दिया था। अनिल ने वीडियो जारी कर इसकी जिम्मेदारी ली। टाइगर को गोली नहीं लगी, लेकिन उनके बाएं हाथ में बारूद और कांच के टुकड़ों से चोट आई है। फायरिंग में उनके ड्राइवर को भी चोट लगी है।

3 में से एक आरोपी नाबालिग

राजस्थान पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए तीनों संदिग्धों में दो हरियाणा और एक बिहार का रहने वाला है। इनमें हरियाणा के सोनीपत का रेहान और बिहार के बेगूसराय का ऋतिक कुमार उर्फ रोशन शामिल हैं। तीसरा आरोपी नाबालिग बताया गया है। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर हमले की साजिश और इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। मुंबई पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, आरोपी करीब 10 दिनों से टाइगर श्रॉफ पर नजर रख रहे थे। उन्होंने उनके घर और जिम की भी रेकी की थी। फायरिंग से पहले आरोपियों ने 45 मिनट तक उस इलाके को जाना था। वे सोशल मीडिया पर पापराजी के वीडियो और ब्लॉगर्स के कंटेंट से भी टाइगर की लोकेशन और दिनचर्या की जानकारी जुटा रहे थे। रविवार को फायरिंग के बाद आरोपी मुंबई में एसवी रोड से विले पार्ले और अंधेरी की ओर भागे। उन्होंने अंधेरी वेस्ट रेलवे स्टेशन के पास अपनी बाइक छोड़ दी और ट्रेन में सवार हो गए। पुलिस ने बाइक बरामद कर ली थी।

हमलावर अनिल पंडित के संपर्क में था

राजस्थान पुलिस के मुताबिक, शुरुआती पूछताछ में सामने आया कि हरियाणा के रेहान का संपर्क अमेरिका में रह रहे अनिल पंडित से था। अनिल पंडित को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। फायरिंग के बाद सोशल मीडिया पोस्ट और ऑडियो क्लिप के जरिए अनिल पंडित ने हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया। उसने सलमान खान को भी धमकी दी और उनसे लॉरेंस बिश्नोई से माफी मांगने को कहा। पुलिस सोशल मीडिया पोस्ट और ऑडियो क्लिप को वेरिफाई कर रही है।

भीलवाड़ा में 1 से 10 जनवरी तक आयोजित होगा अखिल भारतीय स्वदेशी मेला

एमएलवी कॉलेज में सांसद दामोदर अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई तैयारी बैठक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

एमएलवी कॉलेज में सांसद दामोदर अग्रवाल ने स्वदेशी जागरण मंच भीलवाड़ा द्वारा दिनांक 01 जनवरी से 10 जनवरी 2027 तक मेडिसिटी ग्राउंड, आजाद नगर में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय स्वदेशी मेले के निमित्त आयोजित आवश्यक बैठक की अध्यक्षता कर मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में मेले के लिए लगभग 900 स्टॉल का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साथ ही भीलवाड़ा के वस्त्र उद्योग,



एमएसएमई, कारीगर, महिला स्वयं सहायता समूह और स्टार्ट-अप को इस मेले से जोड़ने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, अखिल भारतीय स्वदेशी जागरण मंच राजकुमार चतुर्वेदी, प्रान्त सहसंयोजक डॉ. देवीलाल साहू, विभाग संयोजक राजेंद्र गहलोत, प्रदेश महामंत्री सहकार भारती एवं मेला सचिव श्री सुनील सोमानी, त्रिलोक श्रोत्रिय, प्रेम स्वरूप गर्ग, सत्येन्द्र माली, गगन तिवाड़ी सहित संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

पुर में प्रतिभावान बेटियों का हुआ 'लाड़ली बेटी सम्मान', सांसद अग्रवाल बोले—पूरे जिले में हों ऐसे आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ पुर :

श्री चौथ माता उत्सव समिति के तत्वावधान में 'लाड़ली बेटी सम्मान समारोह' गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पुर की 110 प्रतिभावान बेटियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर बाबू गिरी जी महाराज, हाथीभाटा के संत दास जी महाराज एवं पंडित मुरारी पांडे का पावन सानिध्य व आशीर्वाद प्राप्त हुआ। समिति के महेश व्यास ने बताया कि समारोह का शुभारंभ पंडित अशोक व्यास व



पंडित गोविंद व्यास द्वारा किए गए वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में परिवार और देश का मान बढ़ा रही हैं। ऐसे प्रेरक आयोजन केवल पुर तक सीमित न रहकर पूरे जिले में होने चाहिए। उन्होंने बालिकाओं को खेल क्षेत्र से जुड़ी भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए आह्वान किया कि वे कड़ा परिश्रम करें और ओलंपिक तक पहुंचकर देश का नाम रोशन करें। विशिष्ट अतिथि महापौर जसवंत कंवर ने बेटियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि पुर के समग्र विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही क्षेत्र में कई प्रमुख विकास कार्य शुरू करवाए जाएंगे।

समिति के गणेश शर्मा ने बताया कि अतिथियों ने सभी 110 बेटियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन हंसा व्यास ने किया।

राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



QUICK BITES

चंवरा के बालाजी धाम में 36 साल से गूंज रही अखंड रामधुन का समापन

नवरात्रि समापन पर उमड़े श्रद्धालु, महाआरती के बाद बांटा प्रसाद

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास ।



मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा के बालाजी धाम में नवरात्रि के अवसर पर 36 वर्षों से निभाई जा रही अखंड रामधुन की परंपरा का विधि-विधान के साथ समापन हुआ। नवरात्रि के दौरान लगातार गूंजती रामधुन से मंदिर परिसर भक्तिरस में डूबा रहा। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन कर परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

नवरात्रि समापन पर मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इसके बाद फूल-पत्तियों और ज्वारों का विधिवत विसर्जन किया गया। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बालाजी महाराज के जयकारे लगाए। आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

तीन दशक से अधिक समय से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा के प्रति श्रद्धालुओं में विशेष आस्था देखने को मिली। अखंड रामधुन के समापन के साथ ही मंदिर परिसर में धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल बना रहा।

विधायक अशोक कोठारी के नेतृत्व में भरका माता मंदिर तक निकली पदयात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



विश्व कल्याण, सामाजिक सद्भाव और जीवमात्र की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर विधायक अशोक कुमार कोठारी के नेतृत्व में भरका माता मंदिर तक पदयात्रा निकाली गई। पिछले 17 वर्षों से आयोजित हो रही इस पदयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

पदयात्रा का शुभारंभ नवकार कॉम्प्लेक्स से भरका माता और गौमाता के जयकारों के साथ हुआ। इसके बाद पदयात्री कारोई स्थित विनायक विद्या पीठ पहुंचे। यहां से धन्नाजी का खेड़ा और निधि वन होते हुए जंगल एवं पहाड़ी मार्गों से मौन यात्रा कर भरका माता मंदिर पहुंचे। मार्ग में विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। लाखोला गांव में भी पदयात्रियों का आत्मीय अभिनंदन किया गया।

मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भरका माता के दर्शन किए तथा गौशाला में गौवंश को शुद्ध घी से निर्मित लापसी खिलाई। पदयात्रा का उद्देश्य समाज में भाईचारा, शांति और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देने के साथ पशु-पक्षियों एवं गौवंश के कल्याण की कामना करना रहा।

पदयात्रा में संतलाल दास जी महाराज, लक्ष्मी नारायण डाड, डॉ. देवेंद्र कुमावत, विश्वनाथ प्रताप सिंह, डॉ. राजकुमार चतुर्वेदी, भगवान सिंह चौहान, आनंद चपलोत, गौतम कोठारी, राकेश कोठारी, अंशुल कोठारी, विकास कोठारी, नवीन खंडेलवाल, राजेश रांका सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।



सांसद दामोदर अग्रवाल के प्रयासों से मांडलगढ़ को मिली मेमू ट्रेन की सौगात

कोटा-उदयपुर सिटी के बीच मेमू ट्रेन के संचालन को मिली स्वीकृति, क्षेत्रवासियों में हर्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





सांसद दामोदर अग्रवाल के प्रयासों से मांडलगढ़ क्षेत्रवासियों को कोटा-उदयपुर सिटी रेल मार्ग पर मेमू ट्रेन की सौगात मिली है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कोटा से उदयपुर सिटी के बीच ट्रेन संख्या 61627/61628 के संचालन को स्वीकृति प्रदान की है। इस उपलब्धि से मांडलगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद दामोदर अग्रवाल लगातार संसदीय क्षेत्र में बेहतर रेल कनेक्टिविटी और यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं। इसी क्रम में उन्होंने मांडलगढ़ क्षेत्र में मेमू ट्रेन के संचालन की मांग उठाई थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र के माध्यम से सांसद को इस संबंध में स्वीकृति की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास एवं पुनर्विकास कराया गया था। अब मेमू ट्रेन के संचालन की स्वीकृति क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मेमू ट्रेन की स्वीकृति की जानकारी मिलने पर मांडलगढ़ क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने इस पहल के लिए सांसद दामोदर अग्रवाल का आभार जताया।

वहीं, सांसद दामोदर अग्रवाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से फोन पर बात कर धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने भविष्य में भी भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं और बेहतर कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया।

जिला साहित्यकार परिषद् की काव्य गोष्ठी में बही कविता की रसधार, दो पुस्तकों का विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शब्दों में संवेदनाएं, रचनाओं में सामाजिक सरोकार और कविताओं में प्रेम, प्रकृति व भक्ति का संगम। कुछ ऐसा ही साहित्यिक वातावरण जिला साहित्यकार परिषद् की मासिक काव्य गोष्ठी में देखने को मिला। सिन्धुनगर स्थित हेमू कालानी सिन्धी शिक्षण संस्था परिसर में आयोजित गोष्ठी में साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के जरिए जीवन के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया। कार्यक्रम में परिषद् के दो साहित्यकारों की नवप्रकाशित पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। गोष्ठी की अध्यक्षता दयाराम मेठानी ने की, जबकि महेंद्र शर्मा ने संचालन किया। काव्य पाठ के दौरान गजल, गीत, गीतिका और मुक्त छंद की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भावनात्मक रूप से जोड़े रखा।

काव्य पाठ की शुरुआत बंसीलाल पारस ने जीवन की विडंबनाओं को दर्शाती रचना से की। उनकी पंक्तियों 'पनघट पर आंखें हंसती हैं, मरघट पर आंखें रोती हैं, मैं अब तक समझ नहीं पाया, यह आंख मिचौनी क्यों होती है' ने जीवन के सुख-दुख और मानवीय संवेदनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। ओम उज्ज्वल ने नवरात्रि और देवी आराधना पर आधारित रचना सुनाकर भक्ति भाव जगाया, वहीं श्यामसुंदर तिवारी ने माता के 51 शक्तिपीठों की महिमा का काव्यात्मक वर्णन किया।

अपेक्षा पारीक ने प्रेम और वफा की भावनाओं को शब्द दिए, जबकि दीपिका शर्मा ने पेड़ों की कटाई और घटती हरियाली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गोपाल शर्मा की रचना में गांव की गलियों, चौपाल और तारों भरी रातों के जरिए ग्रामीण जीवन की स्मृतियां उभरीं। नरेंद्र वर्मा ने बढ़ती उम्र के साथ आने वाले संघर्षों और पीड़ाओं को अभिव्यक्त किया, वहीं राजेश मित्तल ने गम के बीच भावनाओं को सकारात्मक रूप से व्यक्त करने की प्रेरणा दी।

महेंद्र शर्मा ने दूसरों के दुख को अपना समझने की संवेदनशीलता पर केंद्रित रचना प्रस्तुत की। गोष्ठी अध्यक्ष दयाराम मेठानी ने समाज में बढ़ती नफरत और वैमनस्य पर चिंता जताते हुए प्रेम, सद्भाव और मानवीय मूल्यों की आवश्यकता को रेखांकित किया। जयप्रकाश भाटिया ने कली और पुष्प के अंतर को आधार बनाकर रचना सुनाई, जबकि अजीज जख्मी ने जीवन की कठिनाइयों और संघर्षों को अपनी कविता के माध्यम से सामने रखा।

दो साहित्यिक कृतियों का हुआ विमोचन

गोष्ठी के दौरान साहित्यकार ओम उज्ज्वल के गीत संग्रह 'माटी की महक' तथा श्यामसुंदर तिवारी के सचित्र बाल कविता संग्रह 'खिलते फूल महकते बच्चे' का विमोचन किया गया। उपस्थित साहित्यकारों ने दोनों पुस्तकों की रचनात्मक विषयवस्तु की सराहना की। बाल कविता संग्रह में चित्रों के माध्यम से बच्चों की कल्पनाशीलता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया है।

गोष्ठी में प्रस्तुत विविध रचनाओं ने साहित्य के माध्यम से सामाजिक संवेदनाओं, प्रकृति संरक्षण, पारिवारिक व मानवीय संबंधों तथा सांस्कृतिक आस्था को अभिव्यक्त किया। आयोजन के समापन पर साहित्यकारों ने साहित्यिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने और समाज में रचनात्मक लेखन के प्रति रुचि विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

जोगणियां माता शक्तिपीठ में दुर्गाष्टमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, भजनों और नृत्य नाटिका ने बांधा समां

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि महोत्सव के तहत दुर्गाष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। माता रानी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। धार्मिक अनुष्ठानों, भजन संध्या और पौराणिक प्रसंगों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मंदिर परिसर और रामलीला मैदान को भक्तिमय बना दिया।

देर रात तक माता के जयकारे गूंजते रहे और श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।

भजनों पर देर रात तक झूमे भक्त

दुर्गाष्टमी के अवसर पर आयोजित रात्रि जागरण में प्रसिद्ध गायक गोकुल शर्मा ने माता रानी की महिमा से जुड़े भजनों की प्रस्तुतियां दीं। मधुर भजनों और भक्तिमय संगीत के बीच श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। रामलीला मैदान में जयकारों और तालियों से माहौल भक्तिरस से सराबोर रहा।

शुम्भ-निशुम्भ वध की नृत्य नाटिका ने मोहा मन

कार्यक्रम में मुंबई के आशीष केल्विन डांस ग्रुप की ओर से श्री दुर्गासप्तशती में वर्णित शुम्भ-निशुम्भ वध और मां भगवती की महिमा पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। आकर्षक वेशभूषा, प्रभावशाली अभिनय, संगीत और नृत्य के माध्यम से कलाकारों ने देवी और असुरों के संघर्ष तथा असुरों के संहार के प्रसंगों का मंचन किया। मां भगवती के विभिन्न स्वरूपों और उनके पराक्रम के चित्रण को दर्शकों ने सराहा।

संत-महात्माओं की रही उपस्थिति

श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं और अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने आयोजन में सहभागिता के लिए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए धार्मिक परंपराओं और सनातन संस्कृति के संरक्षण में ऐसे कार्यक्रमों की भूमिका बताई।

इस अवसर पर बाल योगी अवधूत अलखनाथ जी महाराज (दिल्ली), बनवारी शरण जी महाराज (भीलवाड़ा), राम मुनी जी महाराज (नोएडा) और पंडित कैलाश चंद्र शर्मा सहित संत-महात्मा उपस्थित रहे। शक्तिपीठ वेद विद्यालय के अध्यापक, वेदाध्ययनरत बटुक, संस्थान के ट्रस्ट सदस्य, पदाधिकारी और क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया।

हरि शेवा उदासीन आश्रम में महानवमी पर महा कन्या भोज, वैदिक अनुष्ठानों के साथ नवरात्रि महोत्सव संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव का समापन महानवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ और महा कन्या भोज के साथ हुआ। नौ दिनों तक चले धार्मिक आयोजनों में दुर्गा सप्तशती पाठ, मंडल पूजन, अभिषेक, शस्त्र पूजन और आरती के माध्यम से मां भगवती की आराधना की गई। आश्रम परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज के सानिध्य में दुर्गा अष्टमी पर दुर्गा सप्तशती यज्ञ एवं शस्त्र पूजन हुआ। पंडित सत्यनारायण शर्मा, पं. मनमोहन शर्मा और पं. अंकित शर्मा ने वैदिक विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न



करवाया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और जनमंगल की कामना की।

महानवमी पर कन्या पूजन और भोज

सोमवार को आश्रम परिसर स्थित हरि शेवा वाटिका में महानवमी के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। मां सिद्धिदात्री की पूजा, हवन, पूर्णाहुति और आरती के बाद कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर महा कन्या भोज कराया गया। इसके साथ ब्राह्मण भोज का आयोजन भी हुआ। कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर श्रद्धा अर्पित की गई।

नौ दिनों तक हुए धार्मिक अनुष्ठान

स्वामी हंसराम उदासीन महाराज ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन मंडल पूजन, अभिषेक, हवन, नवचंडी दुर्गा पाठ, शस्त्र पूजन और आरती के आयोजन हुए। उन्होंने कहा कि नवरात्रि शक्ति उपासना, आत्मबल और सकारात्मकता का पर्व है। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना धर्म की स्थापना और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देती है।

संतों ने दी पूर्णाहुति

समापन अवसर पर आश्रम के संत मायाराम , राजाराम जी, गोविंदराम , ईशानराम जी, सुयज्ञराम और बालक मिहिर सहित संतों एवं श्रद्धालुओं ने यज्ञ में पूर्णाहुति अर्पित की।

आसींद में तीन दिवसीय दशहरा महोत्सव का आगाज, श्याम भजनों पर झूमे श्रद्धालु





भीलवाड़ा फोकस @ आसींद

नगर पालिका की ओर से आयोजित तीन दिवसीय दशहरा महोत्सव का सोमवार को पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। पहले दिन आयोजित भजन संध्या में कोलकाता के भजन गायक राज पारीक ने श्याम भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजनों की धुन पर नगर पालिका अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी और कस्बेवासी झूमते नजर आए।

महोत्सव का उद्घाटन विधायक जब्बर सिंह सांखला, नगर पालिका अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह चौहान और पार्षदों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया। मेले में पहली बार इंडिया गेट की तर्ज पर बनाया गया विशाल मॉडल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वहीं, झूले, खिलौनों और खान-पान की स्टॉलों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें देशभर के कवि हास्य, व्यंग्य और ओजपूर्ण रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। अंतिम दिन बुधवार को ड्रोन शो, इलेक्ट्रिक आतिशबाजी और मुंबई, दिल्ली व कोलकाता के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। महोत्सव के समापन पर 75 फीट ऊंचे रावण के साथ मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का आतिशबाजी के बीच दहन किया जाएगा। आयोजन को लेकर कस्बे में उत्साह का माहौल है।

गोवटा बांध स्थित बाण माता शक्तिपीठ में नवरात्र महोत्सव संपन्न, पाती विसर्जन के साथ दी विदाई

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

गोवटा बांध स्थित बाण माता शक्तिपीठ में आयोजित नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र महोत्सव का समापन वैदिक मंत्रोच्चार, पूर्णाहुति और पाती विसर्जन के साथ हुआ। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। माता के जयकारों और भजनों के बीच गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा का गोवटा बांध की चादर तले विधि-विधान से पाती विसर्जन कर समापन किया गया।

शक्तिपीठ विकास संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि शुभ मुहूर्त में विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति



करवाई। दोपहर 12:15 बजे अनुष्ठान संपन्न होने के बाद पाती विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु माता के भजनों का गुणगान करते हुए शामिल हुए।

छप्पन भोग झांकी के किए दर्शन

महोत्सव के दौरान बाण माता की छप्पन भोग झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महामंत्री अमित कुमार जोशी ने बताया कि पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

महाजागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

अष्टमी पर आयोजित महाजागरण एवं भजन संध्या में भजन गायक राजू रावल ने माता के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और शक्तिपीठ परिसर भक्तिमय बना रहा। आयोजन में विधायक गोपाल खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता डांगी, उपाध्यक्ष अनीता सुराणा, विधानसभा संयोजक अनिल कुमार पारीक, पूर्व अध्यक्ष संजय डांगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बिजौलिया में आज होगा रावण दहन, 51 फीट ऊंचे पुतले के साथ दिखेगा तकनीक का संगम

पलकी नदी किनारे सजे रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले, एक घंटे तक होगी आसमानी आतिशबाजी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व आज मंगलवार को नगर में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। केसरगंज स्थित पलकी नदी किनारे दशहरा मैदान में रावण दहन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यहां 51 फीट ऊंचे रावण और 31-31 फीट ऊंचे कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले स्थापित कर दिए गए हैं। शाम को होने वाले रावण दहन के दौरान आकर्षक आतिशबाजी और पुतलों में शामिल विशेष तकनीकी प्रभाव आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेंगे।

चलती तलवार और आग की लपटें बढ़ाएंगी रोमांच

नगर पालिका की ओर से तैयार करवाए गए रावण के पुतले में इस बार विशेष तकनीकी खूबियां शामिल की गई हैं। रावण की चलती तलवार, पेट में घूमता चक्र और टिमटिमाती आग की लपटें दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। तीनों पुतलों को आकर्षक स्वरूप देकर दशहरा स्थल पर स्थापित किया गया है।

रोशनी और अतिशबाजी से सजेगा दशहरा मैदान

दशहरा महोत्सव के तहत मैदान में आकर्षक रोशनी और सजावट की गई है। आयोजन के दौरान करीब एक घंटे तक आसमानी आतिशबाजी की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष स्नेहा तिवाड़ी ने बताया कि विजयादशमी महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में पूर्व जिला प्रमुख



इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

QUICK BITES

टिकट नहीं मिलने पर माहेश्वरी समाज में नाराजगी, दोनों दलों को भेजा पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

सुवाणा पंचायत समिति क्षेत्र में पंचायत राज चुनावों के दौरान भाजपा और कांग्रेस से माहेश्वरी समाज के किसी कार्यकर्ता को टिकट नहीं मिलने पर समाज में नाराजगी है। तहसील माहेश्वरी महासभा भीलवाड़ा ग्रामीण ने दोनों दलों के प्रदेश अध्यक्षों को पत्र भेजकर राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की मांग की है।

पत्र में कहा गया कि समाज राष्ट्रहित, जनसेवा और सामाजिक विकास में योगदान देता रहा है, इसके बावजूद राजनीतिक भागीदारी से वंचित रखना निराशाजनक है। समाज ने योग्य कार्यकर्ताओं को अवसर देने और प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित करने की मांग की। साथ ही, मांगों पर ध्यान नहीं देने पर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने तथा आगामी चुनावों में स्वतंत्र राजनीतिक निर्णय लेने की बात कही।

'भारत को जानो' प्रतियोगिता में राजसमंद और अजमेर की टीमें अव्वल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भारत विकास परिषद की प्रांतीय स्तरीय 'भारत को जानो प्रतियोगिता-2026' शाहपुरा शाखा के आतिथ्य में आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में प्रांत की 30 शाखाओं के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग के 60 दलों ने भाग लेकर भारतीय इतिहास, संस्कृति, विज्ञान और राष्ट्रीय उपलब्धियों से जुड़े सवालों के जवाब दिए।

सेमीफाइनल और फाइनल के रोमांचक मुकाबलों के बाद वरिष्ठ वर्ग में राजसमंद की गांधी सेवा सदन शाखा ने प्रथम तथा बिजयनगर की स्वामी विवेकानंद शाखा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में अजमेर मुख्य शाखा प्रथम और गुलाबपुरा शाखा द्वितीय स्थान पर रही।

वरिष्ठ वर्ग में अमन सिंह शिशोदिया व राजबीर खत्री तथा कनिष्ठ वर्ग में संकल्प सिंह व आर्यन विश्नोई ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दोनों वर्गों की विजेता टीमें 22 नवंबर को भीलवाड़ा में होने वाली क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

मुख्य अतिथि एसएन झंवर और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीडी शर्मा ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, इतिहास और गौरवशाली परंपराओं का ज्ञान प्राप्त करने के साथ राष्ट्रप्रेम व संस्कारों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। आयोजन में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले दलों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। समापन पर शाहपुरा शाखा अध्यक्ष पवन बांगड़ ने आभार व्यक्त किया।

विजयादशमी पर संघ का पथ संचलन जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।



अमित जैन

विजयादशमी के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थानीय इकाई की ओर से पथ संचलन निकाला गया। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने अनुशासित कदमताल के साथ नगर के विभिन्न मोहल्लों से गुजरकर सामाजिक एकता और संगठन का संदेश दिया। मार्ग में नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। संचलन का समापन आदर्श माध्यमिक विद्या निकेतन में हुआ।

कार्यक्रम में विभाग प्रचारक दीपक कुमार ने विजयादशमी और शस्त्र पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संघ की परंपराओं एवं पथ संचलन के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज में संगठन और अनुशासन की कमी के कारण देश को लंबे समय तक स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट होकर सामूहिक शक्ति को मजबूत करने और सामाजिक एकता बनाए रखने का आह्वान किया। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों में उत्साह और अनुशासन देखने को मिला।

छोटा रुणिचा धाम में कन्या पूजन व शस्त्र पूजन के साथ नवरात्रि साधना पूर्ण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



शारदीय नवरात्रि की पूर्णाहुति पर सोमवार को छोटा रुणिचा धाम में गादीपति महंत हीरा नाथ महाराज के सान्निध्य में कन्या पूजन एवं शस्त्र पूजन किया गया। नौ दिवसीय साधना पूर्ण होने पर विश्व शांति, जनकल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की गई।

महंत हीरा नाथ महाराज ने नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना के बाद विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न किए। इस दौरान कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर पूजन किया गया, वहीं शस्त्र पूजन के माध्यम से शक्ति, साहस और धर्म रक्षा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मंदिर अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा, विक्रम बंजारा, बहादुर चौहान, बलवंत चौहान, ज्ञान जैन, राजू जोगी सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।